Total No. of Printed Pages—6

**2 SEM TDC HND MIL (A) 1**

**2 0 1 3**

( May )

HINDI

( Modern Indian Language )

**( Arts )**

Course : 201

**( हिन्दी गद्य तथा व्याकरण )**

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*Candidates* ***eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***9***

*Full Marks* : 80
*Pass Marks* : 32

*Candidates* ***not eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***11***

*Full Marks* : 100
*Pass Marks* : 40

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) 'बैजूबावरा' के अतिरिक्त सुदर्शन की अन्य किसी एक प्रसिद्ध कहानी का नाम लिखिए।

(ख) तानसेन के अहंकार को किसने चूर कर प्रमाणित कर दिया कि कला साधना में तानाशाही नहीं चलती?

(ग) "काश! तुम जानती, दुःख किसे कहते हैं!" यह किसका कथन है?

(घ) सम्प्रदाय-बुद्धि के मस्तिष्क वाले लोग किसकी स्वयंसिद्ध एकता को नहीं समझ पाते हैं?

(ङ) 'असम की संस्कृति' के लेखक का क्या नाम है?

(च) 'काली आँधी' के उपन्यासकार का नाम लिखिए।

(छ) 'काली आँधी' उपन्यास को लेकर बनायी गयी चर्चित फिल्म का क्या नाम था?

(ज) कपड़ा बुनना कहाँ की मुख्य सामाजिक प्रथा है?

2. 'असम की संस्कृति' शीर्षक निबन्ध के आधार पर असम एवं असमिया संस्कृति की विशिष्टताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

"'तुलसीदास से एक साक्षात्कार' शीर्षक निबन्ध के माध्यम से लेखक ने समाज के ज्वलंत प्रश्नों को उठाने की कोशिश की है।" इस कथन के आधार पर प्रस्तुत निबन्ध का विश्लेषण कीजिए।

3. "'काली आँधी' उपन्यास में उपन्यासकार ने तत्कालीन राजनीति में अवसरवादिता, भ्रष्टाचार, जनहित के नाम पर लगाया जाने वाला पैसा डकार लेने की प्रवृत्ति का प्रभावी चित्रण किया है।" इस कथन के आलोक में 'काली आँधी' में वर्णित राजनीति की विद्रूपता पर प्रकाश डालिए।





**अथवा**

मालती अथवा जग्गीबाबू में से आप किस चरित्र से सहानुभूति रखते हैं और क्यों? उपन्यास में वर्णित विभिन्न प्रसंगों के आधार पर सतर्क जवाब दीजिए।

4. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) काश! तुम जानती, दुःख किसे कहते हैं! ...तुम्हारा यह रसीला दुःख तुम्हें न मिले तो जिन्दगी दूभर हो जाये।

**अथवा**

महिमा में यह व्यक्तित्व केवल एक ही प्रतिद्वन्द्वी जानता है—तुलसीदास। परन्तु तुलसीदास और कबीर के व्यक्तित्व में बड़ा अन्तर था।

(ख) इलेक्शन जीत लेना आसान होता है, पर जो गंदगी और कीचड़ उछाली जाती है, उसे साफ करना बहुत मुश्किल है।

**अथवा**

मशीनें नहीं सोचतीं, मशीनों के लिए आदमी सोचता है। और सफलता... सफलता सिर्फ एक मशीन है।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** का आशय संक्षेप में स्पष्ट कीजिए : 3×3=9

(क) जिसे मनुष्य सर्वापेक्षा अपना भरोसा करता है, जब उसी से अपमान और तिरस्कार प्राप्त हो, तब मन वितृष्णा से भर जाता है।

(ख) सफलता के बाग परे भागते हुए दिखाई दिये। बारह वर्ष की तपस्या पर पानी फिर गया। प्रतिहिंसा की छूरी हाथ आई, तो गुरु ने प्रतिज्ञा लेकर कुन्द कर दी।

(ग) मजहब बड़ी चीज है, पर हमारी सबसे बड़ी जरूरत है गरीबी और भूख को मिटाना।

(घ) जिन्दगी में हर चीज नहीं मिलती। आदमी को चुनाव करना पड़ता है कि उसे क्या चाहिए...।

6. 'काल' की परिभाषा देते हुए उसके भेदों का सोदाहरण परिचय दीजिए।

**अथवा**

उपसर्ग एवं प्रत्यय की परिभाषा सोदाहरण दीजिए।

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्द-युग्मों का अर्थ स्पष्ट कीजिए : $1 \times 5 =$

अंस-अंश ; अनिल–अनल ; दीन–दिन ; नीर–नीड़ ; पास–पाश ; नियत–नीयत ; तप्त–तृप्त।

8. नीचे कुछ मुहावरें और कहावतें दी गई हैं। प्रत्येक के तीन-तीन अर्थ हैं। तीनों में से किसी एक सही अर्थ को लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(क) ऊँट के मुँह में जीरा
- *(i)* बहुत थोड़ा
- *(ii)* ऊँट को जीरा खिलाना
- *(iii)* ऊँट के मुँह में बीमारी होना





(ख) नाक रगड़ना
- *(i)* नाक में चोट लगना
- *(ii)* बहुत खुशामद करना
- *(iii)* इज्जत देना

(ग) बाँसों उछलना
- *(i)* पागल होना
- *(ii)* प्रसन्न होना
- *(iii)* नीचे से उछलकर ऊपर चढ़ना

(घ) सब धान बाइस पसेरी
- *(i)* बहुत सस्ती होना
- *(ii)* बहुत महँगी होना
- *(iii)* अच्छा-बुरा सबको एक समझना

(ङ) छठी का दूध याद आना
- *(i)* बुरा हाल होना
- *(ii)* पराजित होना
- *(iii)* भूख लगना

9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : 10

(क) श्रीमंत शंकरदेव

(ख) इंटरनेट

(ग) राष्ट्रीय एकता

(घ) नैतिकता

**( In lieu of Internal Assessment )**

**10.** 'बैजूबावरा' अथवा 'दुःख' कहानी का सारांश लिखिए।

**11.** निम्नलिखित में से किन्हीं दो पात्रों का चरित्र-चित्रण पाठ के आधार पर कीजिए : 5×2=

लल्लूबाबू ; हेमा ; तानसेन ; कबीरदास।

★★★